प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.04.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अभियान हुआ तेज : बसपा प्रमुख मायावती ने अमरोहा और गाजियाबाद में चुनावी सभाओं को किया संबोधित।
2. भाजपा नेता केशव प्रसाद मौर्य और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गाजियाबाद में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में किया प्रचार। बागपत में रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने किया रोड–शो।
3. लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिये भरे गये नामांकन पत्रों की जांच में 78 पर्चे निरस्त : 104 नामांकन पाये गये वैध।
4. चौथे चरण के चुनाव के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी : अब तक 21 प्रत्याशियों ने दाखिल किये नामांकन : इस चरण में 25 अप्रैल तक भरे जा सकेंगे नामांकन।

और

5. प्रदेश में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती।

———————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के

समर्थन में जनसभाएं और रैलियां कर रहे हैं। इसी क्रम में आज बसपा प्रमुख मायावती ने अमरोहा और गाजियाबाद में जनसभा को संबोधित किया।

मायावती ने कहा कि केंद्र में अब तक सत्ता में रही कांग्रेस भाजपा और अन्य पार्टियों ने देश की गरीब जनता को केवल ठगने का काम किया और झूठे वादे और हवा हवाई घोषणा पत्र जारी कर देश के  गरीब, मजदूर पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों की उपेक्षा की।
उन्होंने कहा कि बसपा केवल काम करने में विश्वास करती है। इसलिए घोषणा पत्र जारी नहीं करती।

बसपा प्रमुख ने कहा जुमलेबाजी अब काम नहीं आने वाली है। जनता अच्छे दिन आने के सपनों की असलियत जान चुकी है। उधर, गाजियाबाद में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता पुष्कर सिंह धामी ने व्यापारी सम्मेलन को संबोधित किया।

श्री धामी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रिकार्ड मतों से विजयी होंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों के कारण लोगों का विशवास भाजपा के साथ है।

गाजियाबाद में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पार्टी प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इंडी गठबंधन का इस बार चुनाव में

सफाया हो जायेगा। भारतीय जनता पार्टी बहुमत के साथ सभी सीटों पर शानदार जीत दर्ज करेगी।

बागपत में रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने छपरौली और बड़ौत विधानसभा क्षेत्र के गांव में रोड–शो किया। उन्होंने भाजपा–रालोद गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की लोगों से अपील की।

————————

लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश के आठ जिलों में 26 अप्रैल को वोट डाले जायेंगे। इसमें गौतमबुद्ध नगर संसदीय सीट भी शामिल है। इस सीट पर भाजपा के डॉक्टर महेश शर्मा, सपा–कांग्रेस गठबंधन के डॉक्टर महेन्द्र नागर एवं बसपा के राजेन्द्र सोलंकी सहित 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। और विवरण हमारे प्रतिनिधि से.......

*गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर कुल 26 लाख 75 हजार 148 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। पुरूष मतदाताओं की संख्या 14 लाख 50 हजार 795 है वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 12 लाख 24 हजार से अधिक है। इस सीट पर भाजपा के डॉक्टर महेश शर्मा, सपा–कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी डॉक्टर महेन्द्र नागर एवं बसपा के राजेन्द्र सोलंकी के बीच मुख्य मुकाबला देखने को मिल रहा है। वर्ष 2009 में बहुजन समाज पार्टी के सुरेन्द्र सिंह नागर ने डॉक्टर महेश शर्मा को हराकर चुनाव जीता था उसके बाद 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से डॉक्टर महेश शर्मा ने जीत दर्ज की थी। इस सीट पर भाजपा के डॉक्टर महेश शर्मा चौथी बार चुनाव मैदान में हैं। यहां शहरी और ग्रामीण मतदाताओं का समावेश है जिनकी अपनी अलग–अलग समस्याएं हैं। शहरी मतदाताओं के लिये विकास का मुद्‌दा एक बड़ी समस्या हैं। बहरहाल सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशी अपने–अपने तरीके से मतदाताओं को अपने पक्ष में*

*रिझाने में लगे हुए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिये गौतमबुद्धनगर से विशालधर दूबे।*

---

**प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तीसरे चरण के लिये भरे गये नामांकन पत्रों की कल हुई जांच में एक सौ चार प्रत्याशियों क नामांकन वैध पाये गये तथा 78 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त किये गये। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि तीसरे चरण में प्रदेश की 10 संसदीय सीटों के लिये 182 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान सबसे अधिक फिरोजाबाद लोकसभा सीट से 15 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए है। वहीं सबसे कम मैनपुरी, बदायूं और एटा लोकसभा सीट से चार–चार प्रत्याशियों के पर्चे खारिज हुए है। इसके साथ ही संभल और हाथरस लोकसभा सीट से आठ–आठ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त हुए है। आगरा में सभी 11 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये। उधर, आवंला में 12, बरेली में 14 और फतेहपुर सीकरी में 9 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज किये गये। इस चरण के लिये नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल है। तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा।**

---

प्रदेश में चौथे चरण की 13 संसदीय सीटों के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी है। इस चरण में कल 21 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया। इस तरह अब तक 33 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा है। चाथे चरण के लिये नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को की जायेगी, 29 अप्रैल नाम वापसो की अंतिम तिथि है। इस चरण में 13 लोकसभा सीटों शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदाई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच में 13 मई को वोट डाले जायेंगे।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

————————————

मुरादाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सर्वेश सिंह का कल निधन हो गया। पहले चरण में मुरादाबाद संसदीय सीट पर 19 अप्रैल को हुए मतदान में उन्होंने

अपना वोट डाला था। कल सुबह तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें जांच के लिये दिल्ली एम्स ले जाया गया, जहां शाम हार्टअटैक से उनकी मृत्यु हो गई। पूर्व सांसद सर्वेश सिंह चौथी बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे थे। उनका अंतिम संस्कार आज उनके गांव रतुपुरा में किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सहित भाजपा व अन्य दलों के नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया है।

——————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोगों को मतदान के लिये प्रेरित करने के लिये विभिन्न जनपदों में जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज मेरठ में मतदाता जागरूकता बारात निकाली गई। जिसमें सीडीओ नूपुर गोयल ने लोगों को मतदान करने की शपथ दिलायी। उन्होंने लोगों से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाते हुए मतदान अवश्य करने की अपील की। उधर कन्नौज में जिला निर्वाचन अधिकारी सुभ्रांत कुमार शुक्ल ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदान के लिये प्रेरित किया। मथुरा में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा के निर्देशन में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत आयोजित कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं को जोड़कर मतदान का महत्व बताकर तथा उनसे अपने घर और परिवार के लोगों

को समय से मतदान केन्द्र पर भेजने की अपील की जा रही हैं।

———————

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर जयंती श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। कुशीनगर में फाजिलनगर स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। उधर, ललितपुर में जैन मंदिरों में महावीर जी की जयंती पर उनका अभिषेक किया गया। इसके साथ ही जैन समुदाय के लोगों ने विभिन्न स्थानों पर शोभा यात्राएं निकाली।

राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महावीर जी की जयंती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने कहा कि भगवान महावीर का जन्म शांति और आत्म संयम की सीख देता है। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान महावीर का सत्य और अहिंसा का संदेश वर्तमान परिवेश में और भी अधिक प्रासंगिक है। भगवान महावीर के बताये हुए मार्ग पर चलकर हम सब मानवता की सेवा कर सकते हैं।

———————

उत्तर प्रदेश के अधिकतर जिलों में चिलचिलाती धूप और गर्म हवा के साथ भीषण गर्मी का कहर जारी है। राज्य के अधिकतर जनपदों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार

कर चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक यह सिलसिला 25 अप्रैल तक जारी रहेगा। लोगों को सुबह 11 से दोपहर तीन बजे के बीच धूप में निकलने से बचने की सलाह दी गई है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि आर प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने बताया कि दिन प्रतिदिन गर्मी बढ़ रही है। ऐसे में मजदूरों, किसानों और तेज धूप में देर तक काम करने वाले लोगों को निर्जलीकरण एवं लू लगने की संभावना रहती है।

डॉ.पांडेय ने गर्मी व लू से बचाने के लिए सलाह देते हुए कहा कि इन दिनों सूती कपड़े पहने, धूप में जाते समय सिर को टोपी, छतरी से ढक कर निकलें। निर्जलीकरण से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन करें। खुद को हाईड्रेड रखने के लिए ओआरएस घोल बनाकर पिये। घर में बने पेय पदार्थ लस्सी, नींबू पानी और छाछ आदि का उपयोग करे। खड़ी फसल के खेतों में नमी बनाए रखने के लिए शाम के समय खेत में पानी भरे।

(समाप्त)